قرآنی قاعده
क़ुर्आनी क़ाइदा
तज्वीद के उसूलों के साथ
मख़ारिजे-हुरूफ़
इख़्फ़ा
इज़्हार
इक़्लाब
इद्ग़ाम
नून क़ुत्नी
शैख़ इदरीस अल आ़सिम
सलीम ख़िलजी

اَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيْمِ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

99285 92786
98293 46786
98876 48000

आदर्श मुस्लिम पब्लिकेशन

30 स्टेडियम शॉपिंग सेण्टर, जोधपुर-6

www.publication.adarshmuslim.com

नाम किताब : कुर्आनी क़ाइदा
मुरत्तिब : शैख़ मुहम्मद इदरीस अल आसिम
हिन्दी तर्जुमा, इज़ाफ़ा व सेटिंग : सलीम ख़िलजी
ता'दाद पेज : 72
प्रथम संस्करण : शाबान 1434 हिजरी (जून 2013 ईस्वी)
ता'दाद : 2100
क़ीमत : अनमोल
लेज़र टाइपसेटिंग : ख़लीज मीडिया जोधपुर (+91 98283 46786)
प्रिण्टिंग : आदर्श ऑफ़सेट जोधपुर (+91 97843 46890)
प्रकाशक : आदर्श मुस्लिम पब्लिकेशन
हज हाउस के सामने, 30 स्टेडियम शॉपिंग सेण्टर, जोधपुर-6
मोबाइल नं. : 99285 92786, 98876 48000
website: publication.adarshmuslim.com
email : info@adarshmuslim.com, adarshmuslim@gmail.com

इत्तिला व तआवुन की अपील :

01. कुर्आन मजीद अल्लाह का कलाम है और इस नाते वो अनमोल है. कुर्आन पढ़ना हर मुसलमान पर लाज़मी है और पढ़ना सिखाना हमारी दीनी ज़िम्मेदारी है.
02. कुर्आनी क़ाइदा और अरबी-हिन्दी मतन वाले कुर्आन मजीद का प्रकाशन आदर्श मुस्लिम प्रकाशन जोधपुर ने किया है और आम लोगों तक पहुँचाने का काम आदर्श मुस्लिम फ़ाउण्डेशन जोधपुर की ओर से किया जा रहा है.

लिहाज़ा आप तमाम हज़रात से माली तआवुन की गुज़ारिश है ताकि कुर्आन की ता'लीमात को घर-घर तक पहुँचाने का काम लगातार जारी रखा जा सके. आपकी इस सहयोग राशि का इस्ते'माल काग़ज़, कम्पोज़िंग, प्रिण्टिंग, बाइंडिंग, पैकेजिंग और देश भर में पहुँचाने में लगे बुक सेलर्स, रिटेलर्स व दीगर कार्यकर्त्ताओं पर किया जाएगा. अल्लाह तआला आपको अज्रे-अजीम अता फ़र्माए, आमीन!

सहयोग राशि : प्रति कॉपी	क़ाइदा ₹ 50/-

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

पेश-लफ़्ज़

इन्नल ह़म्दलिल्लाहि नह़मदुहु व नस्तईनुहू व नस्तग़फ़िरुह व नऊज़ुबिल्लाहि मिन शुरूरि अन्फ़ुसिना व मिन सय्यिआति अ़अमालिना, मंय्यहदिहिल्लाहु फ़ला मुज़िल्ललहु व मंय्युज़्लिल फ़ला हादि-य लहु व अश्हदु अल्ला इलाहा इल्लल्लाहु वह़दहू ला शरीकलः व अश्हदु अन्ना मुहम्मदन अ़ब्दुहु व रसूलुहू, सल्लल्लाहु अ़लैहि व अ़ला आलिहि व अस्ह़ाबिही व अतबाइहि व बारिक व सल्लिम - अम्मा बअ़द.

कुर्आन मजीद की तिलावत का ष़वाब

कुर्आन को ग़ौर करके, समझकर पढ़ने से हिदायत और रहनुमाई मिलती है वहीं इसकी सिर्फ़ तिलावत करने पर भी अल्लाह तआ़ला ने अनगिनत नेकियों और ष़वाब का वा'दा किया किया है। कुर्आन मजीद में इर्शादे बारी तआ़ला है,

* **'जो लोग अल्लाह की किताब की तिलावत करते हैं और नमाज़ क़ायम करते हैं और जो रिज़्क़ मैंने उन्हें दिया उसमें से छुपाकर और खोलकर ख़र्च करते हैं, वे ऐसी तिजारत के उम्मीदवार हैं जिसमें उन्हें कोई घाटा नहीं होगा। अल्लाह तआ़ला उन्हें भरपूर अज्र अता करेगा और अपने फ़ज़्ल से उनके अज्र में बढ़ोतरी भी करेगा; बेशक वो बड़ा बख़्शने वाला और क़द्र करने वाला है।'** (सूरह फ़ातिर : 29-30)
* **'ख़बरदार हो जाओ! दिलों को इत्मीनान अल्लाह के ज़िक्र से मिलता है।'** (सूरह रअ़द : 28)

अल्लाह के रसूल (ﷺ) ने इर्शाद फ़र्माया,

* **'कुर्आन मजीद की तिलावत में महारत रखने वाला शख़्स, उसके लिखने वाले फ़रिश्तों के साथ है और जो शख़्स कुर्आन की तिलावत में अटकता है और तिलावत में परेशानी महसूस करता है उसके लिये (आम क़ारी के मुक़ाबले) दोहरा ष़वाब है।'** (मुस्लिम)
* **'जिसने अल्लाह की किताब से एक हर्फ़ (अक्षर) पढ़ा, उसके लिये एक नेकी है और एक नेकी का बदला दस गुना है। अलिफ़-लाम्-**

मीम् से मुराद एक हर्फ़ नहीं बल्कि अलिफ़ एक हर्फ़, लाम् एक हर्फ़ और मीम् एक हर्फ़ है।' (तिर्मिज़ी)

कुर्आन मजीद में 3,40,740 हर्फ़ हैं। हर हर्फ़ के बदले दस नेकी का ष़वाब मिलता है। इसका मत़लब यह है कि अगर कोई मुसलमान एक बार पूरा कुर्आन पढ़ ले तो उसे 34,07,400 (चौंतीस लाख सात हज़ार चार सौ) नेकियाँ मिलती हैं। अगर कोई मुसलमान साल में तीन बार पूरा कुर्आन पढ़ ले तो उसके अ़ा'मालनामे में 1,02,22,200 (एक करोड़ दो लाख बाईस हज़ार दो सौ) नेकियाँ लिखी जाएंगी।

ज़रा सोचिये! संजीदगी के साथ ग़ौर कीजिये!! जो लोग कुर्आन पढ़ना नहीं जानते, वे कितने बड़े ष़वाब से मह़रूम हैं।

कुर्आन मजीद के सीखने-सिखाने की फ़ज़ीलत

अल्लाह के रसूल (ﷺ) ने इर्शाद फ़र्माया,

* 'तुम में से बेहतर वो है जो कुर्आन सीखे और सिखाए।' (बुख़ारी)
* 'लोगों में कुछ लोग अल्लाह वाले हैं।' स़ह़ाबा (रज़ि.) ने पूछा, 'ऐ अल्लाह के रसूल (ﷺ) वे कौन हैं?' आप (ﷺ) ने फ़र्माया, 'कुर्आन (का इल्म रखने) वाले ही अल्लाह वाले हैं, वे उसके ख़ास़ बन्दे हैं।' (इब्ने माजा)

मदरसों की अहमियत

मदरसे दीने-इस्लाम के मज़बूत़ क़िले हैं। अल्लाह के करम से इनके ज़रिये सदियों से तह़फ़्फ़ुज़े-इस्लाम का अहमतरीन काम अंजाम दिया जा रहा है। इन्हीं मदरसों से कुर्आन के क़ारी व ह़ाफ़िज़ और कुर्आन-ह़दीष़ व फ़िक़ह के अ़ालिम तैयार होकर निकलते हैं, जिनकी कोशिशों के नतीजे में इस्लामी इ़ल्म आज भी ज़िन्दा है।

एक वक़्त था जब हर मुस्लिम घर में बच्चों को मदरसे में ता'लीम ह़ास़िल करने के लिये भेजने की रिवायत (परम्परा) थी। बचपन ही में हर बच्चा व बच्ची इस्लामी कलिमात से वाकिफ़ हो जाते थे। लड़कपन की उ़म्र आते-आते अ़रबी मत़न में कुर्आन की तिलावत सीख जाते थे। लेकिन अब वो बात नहीं है।

यह निहायत ही अफ़सोस की बात है कि आज मुसलमानों की महज़ 5 फ़ीसद

आबादी ही मदरसों में ता'लीम ह़ासिल करती है; या'नी 95 प्रतिशत मुस्लिम बच्चे अब मदरसे में पढ़ने नहीं जाते। बहुत से लोग अपने घर आ़लिम या मौलवी स़ाह़ब को बुलवाकर अपने बच्चों को क़ुर्आन पढ़वाते हैं लेकिन उनकी गिनती भी बहुत थोड़ी है।

इस क़ायदे के प्रकाशन का मक़स़द

यह ह़क़ीक़त में बहुत ही अफ़सोसनाक बात है कि मुसलमानों की एक बहुत बड़ी ता'दाद क़ुर्आने करीम से नावाकिफ़ है। बहुत से लोग ऐसे हैं जो क़ुर्आन की तिलावत कर तो लेते हैं लेकिन उसका ह़क़ अदा नहीं कर पाते, या'नी जिस त़रह़ क़ुर्आन को पढ़ना चाहिये उस त़रह़ वो नहीं पढ़ पाते हैं। इसकी अस़ल वजह यह है कि वे क़ुर्आन के क़ायदे से वाकिफ़ नहीं हैं। इनमें एक बड़ी ता'दाद ऐसे लोगों की है जिनकी उ़म्र अब मदरसे में जाकर पढ़ने की नहीं है।

लेकिन यह बात याद रखने के लायक़ है कि अगर हमने क़ुर्आन मजीद को सीखने की त़लब नहीं रखी तो फिर अल्लाह के यहाँ कोई भी उज्र (बहाना) क़ाबिले-कुबूल नहीं होगा।

आज देश में क़रीब-क़रीब सभी लोग हिन्दी भाषा से वाकिफ़ हैं। स्कूलों-कॉलेजों में पढ़ने वाले लड़के-लड़कियों के लिये हिन्दी एक अनिवार्य विषय है। इसी वजह से हमने **हिन्दी मीडियम से अ़रबी क़ुर्आन को पढ़ने की राह हमवार करने की ग़रज़ से** इस क़ायदे को प्रकाशित करने का फ़ैसला किया ताकि हर मुस्लिम मर्द-औ़रत, स़ह़ीह़ त़रीक़े से क़ुर्आने करीम को पढ़ सके। **इस क़ायदे में 31 सबक़ (अध्याय) हैं। अगर हर रोज़ एक सबक़ याद किया जाए तो क़रीब एक महीने में क़ारी (पाठक) क़ुर्आनी ग्रामर (व्याकरण) से वाकिफ़ हो सकता है।**

इस क़ायदे के साथ ही हमने क़ुर्आन करीम के एक ऐसे नुस्ख़े को भी तर्तीब दिया है जिसमें हर अ़रबी लफ़्ज़ के नीचे उसका हिन्दी भाषा में उच्चारण दिया गया है। अच्छी नीयत और लोगों को क़ुर्आन सिखाने के इरादे से हमने इस क़ायदे और क़ुर्आन मजीद के नुस्ख़े को तर्तीब देकर प्रकाशित किया है। हम अल्लाह सुब्हानहू तआ़ला से अच्छे अज्र की उम्मीद रखते हैं।

ख़ैर-अन्देश,

सलीम ख़िलजी

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

ज़िल्मे-तज्वीद की अहमियत

तज्वीद का ज़िल्म, दूसरे तमाम उ़लूम से अफ़ज़ल है, ऐसा इसलिये कि इसका ता'ल्लुक़ कलामे-इलाही से है जो तमाम कलामों से अफ़ज़ल है। कलामे-इलाही की स़ह़ीह़ अदायगी जिस फ़न की ता'रीफ़ (परिभाषा) हो, क़ुर्आने करीम के नूरानी और पाकीज़ा अल्फ़ाज़ जिस ज़िल्म का मर्कज़ी मौज़ूअ़ (केन्द्रीय विषय) हो, आख़िरत में आ'ला मक़ाम पाने की सआ़दत जिस फ़न के साथ जुड़ी हुई हो, उससे बेहतर फ़न भला और कौनसा हो सकता है? इसलिये तज्वीद के मुत़ाबिक़ क़ुर्आन को स़ह़ीह़ त़रीक़े से पढ़ना हर एक के लिये ज़रूरी है। इस ज़िल्म को आम करने के लिये तज्वीदी क़ायदों को तर्तीब दिया जाना और उनकी इशाअ़त करना, आज के दौर की अहम ज़रूरत है।

क़ुर्आन को तज्वीद के ख़िलाफ़, भद्दे त़रीक़े से पढ़ना कलामे-इलाही में नुक़्स़ (कमी) पैदा करने के समान है। कई बार तज्वीद के ख़िलाफ़ ग़लत़ त़रीक़े से पढ़ने से मा'नी में बदलाव आ जाता है, जिससे नमाज़ तक फ़ासिद हो जाती है।

अगर कोई शख़्स़ क़ुर्आन को तज्वीद का ख़याल किये बिना पढ़ता रहेगा तो वो तिलावत की रौनक़ को खो देगा। इसलिये हमारे लिये ज़रूरी है कि हम क़ुर्आन की तिलावत स़ह़ीह़ तर्ज पर करने की फ़िक्र करें और क़ुर्आन को स़ह़ीह़ तर्ज़ पर पढ़ने के लिये सबसे पहले हुरूफ़ का स़ह़ीह़ अदा होना ज़रूरी है। इसलिये जहाँ ज़िल्मे-तज्वीद का ह़ासिल करना फ़र्ज़े-किफ़ाया है, वहीं इसके मुवाफ़िक़ पढ़ना फ़र्ज़े-ऐ़न है।

नोट : इस बात को एक मिस़ाल से समझने की कोशिश कीजिये। एक वाक्य है, **'रूको, मत जाओ'** जिसका मत़लब होगा कि ठहरने के लिये कहना और जाने से रोकना। इसी वाक्य को अगर यूँ कहा जाए, **'रूको मत, जाओ'** तो इसका मत़लब होगा कि आपको जाने के लिये कहा जा रहा है और ठहरने से मना किया जा रहा है। **तीन लफ़्ज़ों के इस वाक्य में अगर वक़्फ़ः (कोमा) की जगह बदल दी जाए तो वाक्य का मा'नी बदल जाता है। अगर तज्वीद के उस़ूलों का ख़याल न रखा जाए तो कुछ क़ुर्आनी आयतों के मा'नी में भी बदलाव आ जाता है।** (-मुतर्जिम व मुरत्तिब हिन्दी क़ायदा)

بِسۡمِ اللّٰهِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِيۡمِ

ज़िल्मे-तज्वीद की ता'रीफ़ (परिभाषा)

तज्वीद का लुग़वी मा'नी (शाब्दिक अर्थ) है, **'हर्फ़ों को संवारकर सहीह तर्ज़ पर पढ़ना।'** शरई मा'नों में तज्वीद का मतलब है, **'हर हर्फ़ को उसके मख़ारिजे-असलिया (उच्चारण की वास्तविक जगह) से निकालना और उसकी तमाम लाज़िम सिफ़ात (अनिवार्य गुणों) के साथ हर्फ़ को बेहद ख़ूबसूरत अन्दाज़ में अदा करना।'**

क़ुर्आन की तिलावत के लिये ज़िल्मे-तज्वीद की अहमियत बहुत ज़्यादा है। इसका फ़ायदा यह होता है कि क़ारी, ग़लती से महफ़ूज़ रहते हुए क़ुर्आन को सहीह तरीक़े से पढ़ता है। हर वो शख़्स, जो क़ुर्आन की तिलावत करता है, उसके लिये यह लाज़िम है कि वह तज्वीद का कम से कम इतना ज़िल्म तो सीख ही ले जिसके ज़रिये वो क़ुर्आन की तिलावत के दौरान ग़लती से बच सके।

याद रहे, क़ुर्आनी आयात व हुरूफ़ की सहीह अदायगी के लिये ज़िल्मे-तज्वीद सीखना हर मुसलमान के लिये 'फ़र्ज़े-ऐन (परम कर्त्तव्य)' है और तिलावत में ख़ूबसूरती पैदा करने (हुस्ने-क़िरअत) के लिये ज़िल्मे-तज्वीद सीखना 'फ़र्ज़े-किफ़ाया' है।

ज़िल्मे-तज्वीद की फ़ज़ीलत :

ज़िल्मे-तज्वीद की फ़ज़ीलत (श्रेष्ठता) क़ुर्आने करीम से ता'ल्लुक़ होने की वजह से है जो तमाम कलामों से अफ़ज़ल कलाम और तमाम किताबों से अफ़ज़ल किताब है। इसकी दूसरी फ़ज़ीलत यह है कि यह ज़िल्म अल्लाह रब्बुल इ़ज़्ज़त की ओर से नाज़िल किया गया है। अल्लाह का कलाम होने के नाते क़ुर्आन को पूरी तवज्जुह के साथ सहीह तरीक़े से पढ़ना हमारी चाहत होनी चाहिये।

तज्वीद के अरकान :

तज्वीद के चार अरकान हैं जो कि इस फ़न की असल बुनियाद हैं।

01. हुरूफ़ के मख़ारिज को जानना। या'नी उस जगह की पहचान करना जहाँ

से हुरूफ़ सहीह तर्ज़ पर अदा होता है।

02. हुरूफ़ की सिफ़ात को जानना।

03. हुरूफ़ के अहकाम को जानना या'नी मिलकर आने की सूरत में उसके क़ाइदे को जानना; जैसे, इख़्फ़ा, इद्ग़ाम, इज़हार वग़ैरह।

04. ज़बान को इस बात का आदी बनाना कि वो हर हर्फ़ को सहीह ढंग से अदा कर सके।

क़ुर्आन की तिलावत के अन्दाज़ :

क़ुर्आन की तिलावत के तीन अन्दाज़ हैं ,

01. **तर्तील :** क़ुर्आने करीम में इर्शादे बारी तआला है,

'.....व रत्तिलिल क़ुर्आना तर्तीला (तर्जुमा) **और क़ुर्आन को ठहर-ठहरकर पढ़ा करो।'** (सूरह मुज़्ज़म्मिल : 4)

तज्वीद के क़ायदे की रिआयत के साथ ठहर-ठहरकर क़ुर्आन को पढ़ना, मद्दात को पूरे तौर पर अदा करना, तर्तील कहलाता है।

02. **तदवीर :** तज्वीद के क़ायदे की रिआयत रखते हुए, न बहुत ज़्यादा जल्दी और न बहुत ज़्यादा धीरे पढ़ना या'नी दर्मियानी (मध्यम) तरीक़े से हुरूफ़ व मद्दात को पढ़ना तदवीर कहलाता है।

03. **हदर :** तज्वीद के क़ायदे की रिआयत के साथ जल्दी-जल्दी मगर साफ़ समझ में आने वाले अन्दाज़ में इस तरह पढ़ना कि हुरूफ़ व हरकत बख़ूबी ज़ाहिर हो जाएं, न तो एक-दूसरे से मिलें और न कटें, यह तरीक़ा हदर कहलाता है। इस तरीक़े से रमज़ान के महीने में तरावीह के दौरान क़ुर्आन की तिलावत की जाती है।

जो लोग इस तर्ज़ या'नी हदर के तरीक़े से क़ुर्आन की तिलावत करते हैं, उनके लिये यह लाज़िम है कि वा इस बात का सख़्ती से ख़याल रखें कि तज्वीद और औक़ाफ़ (ठहरने के मक़ामात) के तमाम हुक़ूक़ का ख़याल रखें। ऐसा एहतियात न किये जाने पर क़ुर्आन के ग़लत पढ़े जाने का शदीद (ज़्यादा) अंदेशा है।

सबक़ नं. : 2

ज़िल्मे-तज्वीद से जुड़ी कुछ अहम जानकारियाँ

इस सबक़ में तज्वीद से ता'ल्लुक़ रखने वाले कुछ ख़ास़ उसूलों व लफ़्ज़ों का मा'नी (अर्थ) समझाया गया है। तमाम स्टुडेंट्स को चाहिये कि इस सबक़ को ख़ास़ तवज्जुह के साथ पढ़ें और अल्फ़ाज़ के मा'नी ज़रूर याद रखें क्योंकि आगे आने वाले अस्बाक़ (अध्यायों) में उनका बार-बार ज़िक्र आएगा।

01. मख़रज : मुँह में जिस मक़ाम (स्थान) से ह़र्फ़ की स़ह़ीह़ आवाज़ निकले, उसे मख़रज कहते हैं। मख़रज और स़िफ़ात के साथ ह़र्फ़ अदा करने को तज्वीद कहते हैं।

02. लह़न : तज्वीद के उस़ूलों के ख़िलाफ़ क़ुर्आन की तिलावत करने को लह़न कहते हैं। लहन की दो क़िस्में हैं,

(1) लह़ने जली : इसका मत़लब है बड़ी ग़लती, या'नी वो भारी व संगीन गलत़ी, जिसको तज्वीद को जानने वाला और न जानने वाला हर ़आम आदमी समझ ले। जैसे एक ह़र्फ़ की जगह दूसरा ह़र्फ़ पढ़ दिया, मिस़ाल के त़ौर पर اَلْحَمْدُ **अल्ह़म्दु** की जगह اَلْهَمْدُ **अल्हम्दु** (बड़ी ह़ा की जगह छोटी हा का इस्ते'माल और اَلْقَدْرِ **अल् क़द्रि** की जगह اَلْ كَدْرِ **अल् कद्रि** (या'नी बड़े क़ाफ़ की जगह छोटा काफ़) पढ़ देना। इसी त़रह़ एक ह़रकत की जगह दूसरी ह़रकत से लफ़्ज़ को पढ़ना भी लहने जली कहलाता है। मिस़ाल के त़ौर पर نَعْبُدُ **नअ़्बुदु** की जगह نَعْبُدَ **नअ़्बुद** और اَنْعَمْتَ **अन्अ़म्त** की जगह اَنْعَمْتُ **अन्अ़म्तु** पढ़ना। लह़ने जली की तीसरी क़िस्म है, आयत में किसी ह़र्फ़ की जगह को बदल देना। मिस़ाल के त़ौर पर لَمْ يَلِدْ **लम् यलिद्** की जगह لَمْ يُوْلِدْ **लम् यूलिद्** और لَمْ يُوْلِدْ **लम यूलिद्** की जगह لَمْ يَلِدْ **लम् यलिद्** पढ़ना।

लह़ने जली के साथ क़ुर्आन को पढ़ना ह़राम है, जबकि पढ़ने वाला अपनी इस़्लाह की कोशिश भी न करे। अगर कोई लह़ने जली के साथ क़ुर्आन पढ़ रहा हो, सुनने वाला समझ रहा हो और इसके बावजूद उसे न रोके तो सुनना भी ह़राम है। अगर

कोई इन्सान अपनी पूरी ताक़त से लगातार कोशिश करे लेकिन उसके मुँह से हर्फ़ सहीह अदा न हो सकें तो ये उसके लिये शरअी उज़्र है और उसका मामला अल्लाह के सुपुर्द है। बहरहाल बचने की कोशिश करना वाजिब है।

(2). लहने ख़फ़ी : उस छोटी व हल्की ग़लती को कहते हैं जिसको आम आदमी न समझ सके, बल्कि अिल्मे-तज्वीद से वाकिफ़ शख़्स ही पकड़ सके। जैसे हुरूफ़ की सिफ़ाते मुहसिना की ग़लती करना, पुर की जगह बारीक और बारीक की जगह पुर हर्फ़ पढ़ना। इसी तरह इख़्फ़ा की जगह इज़हार और इज़हार की जगह इख़्फ़ा के तरीक़े से पढ़ना। मद्द की मिक़्दार में कमी या ज़्यादती करना।

लहने ख़फ़ी के साथ कुर्आन पढ़ना और इस्लाह की कोशिश न करना, मकरूह है। इसी तरह कोई सुन रहा हो और समझते-बूझते हुए उसे न टोके तो सुनना भी मकरूह है। लहने ख़फ़ी से बचना सुन्नत है।

नोट :

(1). किसी हर्फ़ की सिफ़ते आरिज़ा (अस्थाई गुण) में कमी करना लहने ख़फ़ी है और किसी हर्फ़ की सिफ़ते लाज़िमा (अनिवार्य गुण) में कमी करना लहने जली है।

(2). लहने जली के मुक़ाबले में लहने ख़फ़ी छोटी ग़लती है, मगर इसे छोटी ग़लती समझकर लापरवाही बरतना और इस्लाह की कोशिश न करना, बड़ी ग़लती है।

03. दाँतों की क़िस्में : अरबी हुरूफ़ को सहीह अदा करने का ता'ल्लुक़ जिस तरह हलक़, ज़बान व होंठों से है उसी तरह हुरूफ़ की सहीह अदायगी में दाँतों का भी अहम रोल है। मख़ारिज को समझने में आसानी हो इसके लिये दाँतों के नाम व उनकी पहचान बयान की जा रही है।

(1). ष़नाया : इन्सान के जबड़े में बत्तीस दाँत होते हैं, सोलह ऊपर और सोलह नीचे। सामने की ओर ऊपर वाले दो दाँतों को **ष़नाया उल्या** और नीचे वाले दो दाँतों को **ष़नाया सुफ़ला** कहते हैं।

(2). रुबाया : ष़नाया के बाज़ू में ऊपर-नीचे दोनों तरफ़ वाले एक-एक दाँत को रुबाया कहते हैं।

(3). इनयाब : रुबाया के पास, ऊपर-नीचे दोनों ओर एक-एक नोकदार दाँत

है, इनको इनयाब कहते हैं।

(4). ज़वाह़िक : इनयाब के पास, ऊपर-नीचे दोनों ओर एक-एक दाँत, उनको ज़वाह़िक कहते हैं।

(5). त़वाह़िन : ज़वाहिक के पास, ऊपर-नीचे दोनों ओर के तीन-तीन दाँतों को त़वाह़िन कहते हैं।

(6). नवाजिज़ : त़वाह़िन के पास, ऊपर-नीचे दोनों ओर, जबड़े की आख़िरी एक-एक दाढ़ को नवाजिज़ कहते हैं।

नोट : आम बोलचाल की भाषा में ष़नाया, रुबाया, इनयाब को दाँत और ज़वाह़िक, त़वाह़िन, नवाजिज़ को अ़रबी में इज़रास और हिन्दी-उर्दू में दाढ़ कहते हैं।

04. अलिफ़ और हम्ज़ा में फ़र्क़ :

(1). अलिफ़ हमेशा बग़ैर झटके के, साकिन, सीधा और नरम अदा होता है। जैसे, قَالَ **क़ाल।**

(2). अलिफ़ से पहले हमेशा ज़बर आता है। हम्ज़ा से पहले ज़बर, ज़ेर और पेश तीनों क़िस्म की ह़रकतें आती हैं।

(3). अलिफ़ शुरू में नहीं आता, सिर्फ़ दरम्यान (बीच) और आख़िर में आता है, हम्ज़ा शुरू, दरम्यान और आख़िर तीनों जगह आता है।

नोट : अगर किसी लफ़्ज़ के शुरू में अलिफ़ लिखा हुआ हो तो उसे हम्ज़ा की तर्ज़ पर पढ़ा जाना चाहिये।

05. पुर व बारीक ह़र्फ़ : पुर का मत़लब है ह़र्फ़ को भारी आवाज़ में अदा करना और बारीक का मत़लब है ह़र्फ़ को नर्म व पतली आवाज़ में अदा करना।

(1). हर ह़ाल में पुर पढ़े जाने वाले हुरूफ़ की ता'दाद सात हैं। ये सात ह़र्फ़ यह हैं, **..ظ ज़ा, ق क़ाफ़, ط त़ा, غ ग़ैन, ص स़ाद, ض ज़ाद, خ ख़ा।**

(2). हमेशा बारीक पढ़े जाने वाले हुरूफ़ की ता'दाद 19 है। ये हुरूफ़ हैं, **ب बा, ت ता, ث ष़ा, ج जीम, ح ह़ा, د दाल, ذ ज़ाल, ز ज़ा, س सीन, ش शीन, ع अ़ेन, ف फ़ा, ك काफ़, م मीम, ن नून, و वाव, ه हा, ء हम्ज़ा, ی या।**

(3). कभी पुर तो कभी बारीक पढ़े जाने वाले हुरूफ़ की ता'दाद तीन हैं।

ا अलिफ़ लफ़्ज़ الله अल्लाह का ل लाम ر रा

नोट : अलिफ़ से पहले पुर हर्फ़ हो तो अलिफ़ पुर पढ़ा जाएगा, जैसे قَالَ **क़ाल।** अलिफ़ से पहले बारीक हर्फ़ हो तो अलिफ़ बारीक होगा, जैसे مَاكَانَ **माकान।** लफ़्ज़ अल्लाह के लाम से पहले ज़बर या पेश हो तो लाम हमेशा पुर पढ़ा जाएगा, जैसे وَاللهِ **वल्लाह,** رَسُوْلُ اللهِ **रसूलुल्लाह।** अगर लाम से पहले ज़ेर हो तो लफ़्ज़ अल्लाह का लाम बारीक पढ़ा जाएगा, जैसे لِلّٰهِ **लिल्लाह,** فِي اللهِ **फ़िल्लाह** वग़ैरह।

06. गुन्ना : नाक में आवाज़ ले जाने को गुन्ना कहते हैं।

07. वस्ल : इसका मतलब होता है, किसी बिना रूके पढ़ना।

08. वक़्फ़ः : या'नी किसी लफ़्ज़ पर रूकना, ठहरना या साँस तोड़ना।

09. सक्तः : लफ़्ज़ की अदायगी के बाद सांस न तोड़ते हुए रूकना और ठहरना।

10. क़लक़ला : इसका मतलब होता है, टकराना। पाँच हुरूफ़ ऐसे हैं कि जब इन पर जज़म हो तो इनकी आवाज़ दूसरे मख़रज से टक्कर खाकर अलग हो जाती है, इसी को क़लक़ला कहते हैं। ये पाँच हुरूफ़ हैं, ب **बा,** ج **जीम** د **दाल,** ط **ता,** ق **क़ाफ़।**

11. मा'रूफ़ व मजहूल : अल्फ़ाज़ को अरबों की तर्ज़ पर पढ़ना मा'रूफ़ तरीक़ा कहलाता है जबकि अजमियों (ग़ैर अरबी लोगों) के तरीक़े से पढ़ना मजहूल तरीक़ा कहलाता है। मिसाल के तौर पर जिस हर्फ़ के नीचे ज़ेर लगता है उसे अहले अरब **'इ'** के रूप में पढ़ते हैं जबकि ग़ैर-अरब उसका तलफ़्फ़ुज़ **'ए'** करते हैं। लफ़्ज़ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ पढ़ने का मा'रूफ़ तरीका है, **'इह्दिनस्सिरातल् मुस्तक़ीम।'** जबकि इसे **'एह्दिनस्सिरातल् मुस्तक़ीम'** पढ़ना मजहूल होगा। इसी तरह जिस हर्फ़ पर पेश लगता है उसे मा'रूफ़ तरीक़े से **'उ'** पढ़ा जाता है लेकिन मजहूल तरीक़े में उसे **'ओ'** पढ़ते हैं। जैसे قُلْ هُوَ اللهُ اَحَدٌ पढ़ने का मा'रूफ़ तरीक़ा है, **'कुल हुवल्लाहु अहद'** जबकि इसे **'कुल होवल्लाहो अहद'** पढ़ना मजहूल होगा। कुर्आन अरबी कुरैश लोगों की ज़बान में नाज़िल हुआ है इसलिये उसे मा'रूफ़ तरीक़े से ही पढ़ना चाहिये।

सबक़ नं. : 3

अ़रबी ह़र्फ़ (वर्णमाला)

01. अ़रबी वर्णमाला में 29 ह़र्फ़ (अक्षर) हैं। अ़रबी भाषा दाँये से बाँये (राइट टू लेफ़्ट) पढ़ी और लिखी जाती है। जबकि संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेज़ी समेत अनेक भाषाएं बाँये से दाँये (लेफ़्ट टू राइट) पढ़ी और लिखी जाती है।

02. कुछ ह़र्फ़ (अक्षर) मिलते-जुलते नज़र आते हैं, मगर नुक़्तों से उनकी पहचान की जाती है। जैसे एक नुक़्ता (•) जो कभी ह़र्फ़ के ऊपर होता है, तो कभी ह़र्फ़ के नीचे होता है, जैसे, ب خ ذ ز ض غ ف

03. दो नुक़्ते वाले ह़र्फ़; जैसे, ق ي तीन नुक़्तों वाले ह़र्फ़; जैसे, ث ش

सबक़

ح	ج	ث	ت	ب	ا
ह़ा = ह़	जीम = ज	ष़ा = ष़	ता = त	बा = ब	अलिफ़=अ
س	ز	ر	ذ	د	خ
सीन = स	ज़ा = ज़	रा = र	ज़ाल = ज़	दाल = द	ख़ा = ख़
ع	ظ	ط	ض	ص	ش
अ़ैन = अ़	ज़ा = ज़	त़ा = त़	ज़ाद = ज़	स़ाद = स़	शीन = श
م	ل	ك	ق	ف	غ
मीम् =म	लाम = ल	काफ़ = क	क़ाफ़ = क़	फ़ा = फ़	ग़ैन = ग़
	ى	ء	ه ھ	و	ن
	या = य	हम्ज़ा = अ	हा = ह	वाव = व	नून = न

सबक़ नं. : 4

उर्दू ह़र्फ़ (वर्णमाला)

अ़रबी भाषा बहुत पुरानी है। क़ुर्आन के नाज़िल होने से पहले से यह भाषा जज़ीरा-ए-अ़रब में प्रचलित थी। जब इस्लाम भारतीय उप-महाद्वीप में आया और मुसलमान देश के ह़ाकिम (शासक) बने तो अ़रबी देश की ता'लीमी ज़बान बनी। लेकिन राजभाषा के त़ौर पर तुर्की व फ़ारसी भी चलन में रही। उन दिनों भारत के हिन्दुओं की धार्मिक भाषा संस्कृत थी और उत्तर भारत की आ़म जनता के बीच अवधी, ब्रज, पाली, खड़ी बोली तथा दक्षिण भारत में दक्षिण भारतीय भाषाएं चलन में थी। **ग़ौरतलब है कि उन दिनों हिन्दी भाषा का कोई वजूद नहीं था।**

मुग़लकाल में आ़म जनता से जुड़ाव की कमी मह़सूस की गई। **सल्त़नत के फैलाव के साथ एक कॉमन भाषा बनाने के इरादे से अ़रबी, फ़ारसी, तुर्की और भारतीय भाषाओं के मिश्रण से एक नई ज़बान (भाषा) वजूद में आई, जिसे उर्दू कहते हैं।** इसलिये यह कहना ग़लत़ नहीं होगा कि उर्दू भारतीय भाषा है क्योंकि इसका जन्म भारत ही में हुआ है।

01 : अ़रबी की त़रह़ उर्दू भी दाँये से बाँये पढ़ी और लिखी जाती है।

02 : कुछ ह़र्फ़ (अक्षर) अ़रबी में नहीं हैं, उनकी पूर्ति के लिये उर्दू भाषा की वर्णमाला में नये अक्षर शामिल किये गये; जैसे, پ ٹ چ ڑ ژ گ ے

03 : अ़रबी में संयुक्त अक्षर नहीं होते लेकिन संस्कृत-हिन्दी में होते हैं जैसे द्य (द्+य), द्व (द्+व), ज्ञ (ग्+य), क्ष (क+श) आदि। भारतीय जनता की बोली के मुत़ाबिक़ उर्दू ज़बान में भी कुछ ऐसे संयुक्त अक्षर बनाए गये; जैसे

بھ پھ تھ ٹھ جھ چھ ڈھ کھ گھ

04 : आ़म त़ौर पर यह धारणा है कि उर्दू आसान है और अ़रबी मुश्किल; जबकि ह़क़ीक़त में ऐसा नहीं है। ज़ेर, ज़बर, पेश जैसे निशानात की वजह से अ़रबी को आसानी से पढ़ा जा सकता है लेकिन उर्दू भाषा में लिखते समय इन निशानों का इस्ते'माल नहीं किया जाता। अ़रबी लफ़्ज़ دھر दहर को उर्दू में धर पढ़ा जाता है और दहर को इस त़रह دہر लिखा जाता है। **छोटी ह़ा** का यह रूप ہ उर्दू वालों की ईजाद है, यह रूप अ़रबी में नहीं पाया जाता।

तर्तीबवार उर्दू हुरूफ़ (क्रमबद्ध उर्दू वर्णमाला)

ا अलिफ़=अ

ج जीम = ज	ث षे = ष	ٹ टे = ट	ت ते = त	پ पे = प	ب बे = ब
ذ ज़ाल = ज़	ڈ डाल = ड	د दाल = द	خ ख़े = ख़	ح हे = ह	چ चे = च
ش शीन = श	س सीन = स	ژ ज़े = ज़	ز ज़े = ज़	ڑ ड़े = ड़	ر रे = र
غ ग़ैन = ग़	ع अ़ैन = अ़	ظ ज़ोय = ज़	ط त़ोय = त़	ض ज़ाद = ज़	ص स़ाद = स़
م मीम = म	ل लाम = ल	گ गाफ = ग	ک काफ़ = क	ق क़ाफ़ = क़	ف फ़े = फ़
ے ये = ये, ऐ	ی ये = य, ई	ء हम्ज़ा = अ	ھ ہ हे = ह	و वाव = व	ن नून = न

मिलकर बने हुरूफ़ (संयुक्त अक्षर)

	پھ = ھ + پ फ = हे + पे	بھ = ھ + ب भ = हे + बे
جھ = ھ + ج झ = हे + जीम	ٹھ = ھ + ٹ ठ = हे + टे	تھ = ھ + ت थ = हे + ते
ڈھ = ھ + ڈ ढ = हे + डे	دھ = ھ + د ध = हे + दाल	چھ = ھ + چ छ = हे + चे
گھ = ھ + گ घ = हे + गाफ	کھ = ھ + ک ख = हे + काफ	ڑھ = ھ + ڑ ढ़ = हे + ड़े

सबक़ नं. : 5

मख़ारिजे-हुरुफ़ (अक्षरों का उद्गम)

خ غ ख़ा ग़ैन	ح ع हा अ़ैन	ه ء हा हम्ज़ा
ये ह़र्फ़ ह़लक़ के अगले ह़िस़्से से अदा होते हैं	ये ह़र्फ़ ह़लक़ के बीच वाले ह़िस़्से से अदा होते हैं	ये ह़र्फ़ ह़लक़ के आख़री ह़िस़्से से अदा होते हैं
ض ज़ाद	ى ش ج या शीन जीम	ك ق काफ़ क़ाफ़
ये ह़र्फ़ ज़बान की करवट और ऊपर वाली दाढ़ की जड़ से अदा होते हैं	ये ह़र्फ़ ज़बान के बीच और तालू के मिलने से अदा होते हैं	ये ह़र्फ़ ज़बान की जड़ और तालू से अदा होते हैं
ث ذ ظ स़ा ज़ाल ज़ोय	ت د ط ता दाल त़ोय	ر ن ل रा नून लाम
ये ह़र्फ़ ज़बान की नोक और ऊपर सामने वाले दातों के किनारों से अदा होते हैं	ये ह़र्फ़ ज़बान की नोक और सामने वाले दाँतों की जड़ से अदा होते हैं	ये ह़र्फ़ ज़बान के किनारों और ऊपर वाले दाँतों के मसूढ़े से अदा होते हैं
ا अलिफ़	و م ب ف वाव मीम बा फ़ा	س ز ص सीन ज़ा स़ाद
ये ह़र्फ़ मुँह के ख़ाली ह़िस़्से से अदा होते हैं	ये चारों हुरूफ़ होठों से अदा होते हैं	ज़बान की नोक, सामने ऊपर नीचे के दो दाँतों के अन्दरूनी किनारों से अदा होते हैं

ये सबक़ स्टुडेण्ट को अच्छी त़रह याद करना चाहिये। इस सबक़ में ह़र्फ़ों के ग्रुप उनके मख़ारिज के मुत़ाबिक़ बनाए गये हैं। स़हीह तलफ़्फ़ुज़ (उच्चारण) के लिये अगले पेज पर दी गई तस्वीरों को देखें।

हुरुफ़ का मख़रज, तस्वीरों में

मख़रज नम्बर : 1

मुंह का ख़ाली हिस्सा, इससे तीन हुरूफ़, 'अलिफ़', 'वाव', 'या' अदा होते हैं. ا و ی

मख़रज नम्बर : 2,3,4

2. हलक़ के मुंह की तरफ़ वाले हिस्से से 'ख़ा', 'ग़ैन'
3. हलक़ का बीच वाला हिस्से से 'हा', 'अैन'
4. सीने की तरफ़ वाले हिस्से से 'हा' व 'हम्ज़ा अदा होते हैं.

غ خ → ऊपरी हिस्सा
ع ح → मध्यम हिस्सा
ء ه → निचला हिस्सा

इन छह हुरूफ़ को हुरूफ़े हलक़ी कहते हैं.

ق
ك

मख़रज नम्बर : 5

ज़बान की जड़ जब कव्वे की जड़ के क़रीब से नर्म तालू से लगे तो उससे 'क़ाफ़' अदा होता है.

मख़रज नम्बर : 6

क़ाफ़ की जगह से थोड़ा नीचे से 'काफ़' अदा होता है.

मख़रज नम्बर : 7

ज़बान के बीच का हिस्सा जब तालू से लगे तो 'जीम', 'शीन', 'या' अदा होते हैं.

ج ش ی

मख़रज नम्बर : 8

ज़बान की करवट जब बाँयी तरफ़ वाली ऊपर की पाँच दाढ़ से लगे तब 'ज़ाद' अदा होता है.

ض

मख़रज नम्बर : 9

ل

ज़बान की करवट के आख़िर से नोक तक का हिस्सा, जब ऊपर एक दाढ़ और दाँतों के मसूढ़ों से लगे तब 'लाम' अदा होता है.

मख़रज नम्बर : 10

'लाम' की जगह से लेकिन एक दाढ़ कम होकर जब ऊपर वाले तीन दाँतों के मसूढ़ों से लगे तो 'नून' अदा होता है.

ن

मख़रज नम्बर : 12

ط ت د

ज़बान की नोक जब ऊपर सामने वाले दाँतों की जड़ से लगे तो उससे 'ता', 'दाल', 'त़ा' अदा होते हैं.

मख़रज नम्बर : 13

ظ ذ ث

ज़बान की नोक जब ऊपर वाले दाँतों के सिरे से लगे तो उससे 'स़ा', 'ज़ाल', 'ज़ा' अदा होते हैं.

मख़रज नम्बर : 11

ر

ज़बान के किनारे की पुश्त जब ऊपर वाले तीन दाँतों से लगे तब 'रा' अदा होता है.

मख़रज नम्बर : 14

ز س ص

ज़बान की नोक से जब ऊपर-नीचे के अगले दोनों दाँत आपस में मिले तो उससे 'ज़ा', 'सीन', 'स़ाद' अदा होते है.

मख़रज नम्बर : 15

ऊपर वाले दाँतों का सिरा और नीचे के होंठ का अंदरुनी हिस्सा मिलने से 'फ़ा' अदा होता है. ف

मख़रज नम्बर : 16

बन्द होंठों के अगले हिस्से से 'बा' अदा होता है. ب
बन्द होंठों के खुश्क हिस्से से 'मीम' अदा होता है. م

मख़रज नम्बर : 17

दोनों होंठों को गोल करने से 'वाव' अदा होता है. و

मख़रज नम्बर : 18

ن

दोनों होंठों को गोल करके, नाक में आवाज़ ले जाकर 'नून' अदा होता है.

ض 'ज़ाद' या 'दाद'

अरबी के कुछ हर्फ़ हिन्दी में नहीं हैं, इसलिये उनको हिन्दी में कैसे लिखा जाए, यह अहले इल्म के लिये काफ़ी अर्से तक विचारणीय विषय रहा। बहुत से आलिम अब भी इस बात के क़ायल नहीं हैं कि कुर्आन के अरबी मतन को हिन्दी के अनुरूप ढाला जाए। उनका मानना है कि हिन्दी वर्ज़न में अरबी का सहीह तलफ़्फ़ुज़ (उच्चारण) मुमकिन नहीं है। **यह सच है कि दुनिया की कोई भी भाषा, अरबी ज़बान का विकल्प नहीं हो सकती।**

ض अरबी ज़बान का सबसे मुश्किल (टिपिकल) हर्फ़ है। ऊपर दी गई तस्वीरों को देखने से पता चलता है कि **इसका मख़रज सबसे अलग है।** इसकी आवाज़ **'ज़'** और **'द'** के **बीच की आवाज़** होती है। अगर हम अरबी क़ारियों की आवाज़ में कुर्आन की तिलावत सुनें तो हमें ض की आवाज़ **'द'** से मिलती-जुलती सुनाई देती है लेकिन वो د **'दाल'** जैसी नहीं होती बल्कि उससे कुछ अलग क़िस्म की होती है। भारत में ض को आम तौर पर **'ज़'** की तर्ज़ पर बोला जाता है; मिसाल के तौर पर, رمضان **रमज़ान**, رضا **रज़ा**, رضوی **रज़वी**, رضوان **रिज़वान**, مرض **मर्ज़**, غرض **ग़रज़** वग़ैरह।

नीचे टेबल में अ़रबी ह़र्फ़ों के लिये प्रयोग किये गये हिन्दी अक्षरों का विवरण दिया गया है। अ़रबी के जो ह़र्फ़ हिन्दी में नहीं है उनको हिन्दी अक्षर के नीचे नुक्ते लगाकर प्रतीक के रूप में दर्शाया गया है। **हमारी गुज़ारिश है कि आप क़ुर्आन की तिलावत करते समय मूल अ़रबी ह़र्फ़ को अपने ज़हन में रखें। कुछ लोगों ने अ़रबी ह़र्फ़ के लिये 'ष़' के इस्ते'माल पर ए'तिराज जताया है, उनसे हमारी गुज़ारिश यही है कि हमने इसे एक प्रतीक (सिम्बल) के रूप में इस्ते'माल किया है। सच तो यह है कि हिन्दी में किसी भी ह़र्फ़ के नीचे बिन्दी लगाई ही नहीं जाती है। हिन्दी के जितने भी अक्षर बिन्दी लगाकर दर्शाए गये हैं, वे प्रतीक मात्र हैं। हम एक बार फिर यही गुज़ारिश करते हैं कि पढ़ते वक़्त प्रतीकात्मक अक्षर को देखकर मन में अ़रबी ह़र्फ़ का ख़याल करें। यह क़ायदा हिन्दी मीडियम से अ़रबी सिखाने की सिर्फ़ एक कोशिश है।**

हिन्दी अक्षर	हिन्दी उच्चारण	अ़रबी अक्षर	हिन्दी अक्षर	हिन्दी उच्चारण	अ़रबी अक्षर
त़	त़ोय	ط	अ	अलिफ़	ا
ज़़	जोय	ظ	ब	बा	ب
अ़	अ़ैन	ع	त	ता	ت
ग़	ग़ैन	غ	ष़	ष़ा	ث
फ़	फ़ा	ف	ज	जीम	ج
क़	क़ाफ़	ق	ह़	ह़ा	ح
क	काफ़	ك	ख़	ख़ा	خ
ल	लाम्	ل	द	दाल	د
म	मीम्	م	ज़़	ज़ाल	ذ
न	नून	ن	र	रा	ر
व	वाव	و	ज़	ज़ा	ز
ह	हा	ه	स	सीन	س
अ	हम्ज़ा	ء	श	शीन	ش
य	या	ى	स़	स़ाद	ص
ह/त	हा/ता	ة ۃ	ज़़	ज़़ाद	ض
ऽ	छोटा मद	~	ऽऽ	बड़ा मद	~

सबक़ नं. : 6

हुरुफ़ की बदलती हुई शक्लें

01. अ़रबी में कुछ ह़र्फ़ ऐसे हैं, जो किसी दूसरे ह़र्फ़ में मिक्स नहीं होते।

02. कुछ ह़र्फ़ ऐसे हैं जिनकी मिक्स होने के बाद शक्ल बदल जाती है।

03. कुछ ह़र्फ़ ऐसे हैं जिनकी मिक्स होने के बाद भी शक्ल नहीं बदलती।

04. इस सबक़ में अ़रबी वर्णमाला के सभी ह़र्फ़ों को तर्तीबवार बदलती शक्लों के साथ दर्शाया गया है। स्टुडेण्ट इस सबक़ को भी अच्छी त़रह से ग़ौर करके पढ़ें।

ثـ ष़ा	ـث ष़ा	تـ ता	ـت ता	بـ बा	ـب बा	ا अलिफ़
ز ज़ा	ر रा	ذ ज़ाल	د दाल	خـ ख़ा	حـ हा	جـ जीम
عـ अ़ैन	ظ ज़ोय	ط त़ोय	ضـ ज़ाद	صـ स़ाद	شـ शीन	سـ सीन
ل लाम	ك काफ़	ق क़ाफ़	قـ क़ाफ़	فـ फ़ा	ـغـ ग़ैन	غـ ग़ैन
هـ हा	ـو वाव	ـنـ नून	نـ नून	ـمـ मीम	مـ मीम	م मीम
ـيـ या	يـ या	ى या	ء हम्ज़ा	ـه हा	ه हा	ـه हा

सबक़ नं. : 7

एक से ज़्यादा हुरुफ़ वाले लफ़्ज़

01. इस सबक़ में कुछ लफ़्ज़ दिखाए गये हैं, जिनमें दो या दो से ज़्यादा हर्फ़ हैं।

02. इन अल्फ़ाज़ के हर हर्फ़ को नीचे दिये गये सबक़ के मुताबिक़ अलग-अलग पढ़ने की प्रेक्टिस करें। आगे आने वाले अस्बाक़ (अध्यायों) में ज़ेर, ज़बर, पेश वग़ैरह की पहचान कराई जाएगी।

03. अरबी दाँये से बाँये और हिन्दी बाँये से दाँये पढ़ें।

شا शीन अलिफ़	كا काफ़ अलिफ़	قا क़ाफ़ अलिफ़	حا हा अलिफ़	عا अ़ैन अलिफ़	ها हा अलिफ़
زا ज़ा अलिफ़	نا नून अलिफ़	لا लाम अलिफ़	لا लाम अलिफ़	صا स़ाद अलिफ़	يا या अलिफ़
وا वाव अलिफ़	ما मीम अलिफ़	فا फ़ा अलिफ़	تا ता अलिफ़	دا दाल अलिफ़	طا त़ा अलिफ़
شى शीन या	كر काफ़ रा	قر क़ाफ़ रा	خو ख़ा वाव	عى अ़ैन या	هى हा या
تر ता रा	ثم स़ा मीम	يس या सीन	هد हा दाल	يت या ता	من मीम नून
قد क़ाफ़ दाल	به बा हा	قل क़ाफ़ लाम	كل काफ़ लाम	قو क़ाफ़ वाव	لم लाम मीम
رجس रा जीम सीन	بعد बा अ़ैन दाल	وقع वाव क़ाफ़ अ़ैन	نذر नून ज़ाल रा	هود हा वाव दाल	رسل रा सीन लाम

प्रेक्टिस

قوم	قال	رجل	خلت
بلغ	نفس	غيا	فيه
كان	غضب	كتب	ريب
كنتم	يغيظ	بسبب	بهيج
تعبد	راته	طرفك	عنده
اغنى	نموت	يقضى	افاك
اثيم	عذاب	تجرى	اظلم
اضحك	جرار	كاشفة	تعجبون
يخدعون	خلقتنى	يصلونها	قصرت

सबक़ नं. : 8

ज़बर ـَ

01. ज़बर की निशानी ऊपर दर्शाई गई है। यह हमेशा हर्फ़ के ऊपर लगता है। इसको पढ़ते वक़्त न तो हर्फ़ को लम्बा करना है और न झटका देना है और न मजहूल अदा करना है बल्कि लफ़्ज़ को नर्मी के साथ अदा करना है।

02. पुर पढ़े जाने वाले हर्फ़ों की अदायगी में होंठ गोल न होने पाएं।

03. जिस लफ़्ज़ पर ज़बर, ज़ेर, पेश या जज़म हो, वो अलिफ़ नहीं हम्ज़ा होता है, लिहाज़ा उसको हमेशा हम्ज़ा ही पढ़ें। अलिफ़ सिर्फ़ वो है जो हरकत या जज़म के बग़ैर हो और उससे पहले ज़बर हो।

04. ज़बर को इतना न खींचे कि अलिफ़ बन जाए। जैसे بَ से بَا न बने और न ही इतना जल्दी करें कि झटका पैदा हो, जैसे بَأْ (बअ्) बल्कि بَ ही रहे।

सबक़

حَ ह	جَ ज	ثَ ष़	تَ त	بَ ब	اَ अ
سَ स	زَ ज़	رَ र	ذَ ज़	دَ द	خَ ख़
عَ अ़	ظَ ज़	طَ त़	ضَ ज़	صَ स़	شَ श
مَ म	لَ ल	كَ क	قَ क़	فَ फ़	غَ ग़
یَ य	ءَ अ	ھَ ह	ہَ ह	وَ व	نَ न

05. जिन हुरूफ़ की आवाज़ में मा'मूली फ़र्क़ है, उनकी आवाज़ में पाए जाने वाले फ़र्क़ की प्रेक्टिस कीजिये। जैसे ت ط ث س ص ق ك ذ ز ض ظ

06. अगर ر पर ज़बर हो तो ر पुर होगी, लिहाज़ा उसे पुर ही पढ़ा जाए।

07. **हिज्जे (उच्चारण) का तरीक़ा :** جَعَلَ जीम ज़बर ज, ऐन ज़बर अ, लाम ज़बर ल = ज-अ-ल। अगर आख़री हर्फ़ पर वक़्फ़: करना हो तो लाम साकिन पढ़ा जाएगा, इस तरह : جَعَلْ जअल्।

08. नीचे दिये गये सबक़ में कुछ लफ़्ज़ों के उच्चारण लिखे गये हैं और कुछ प्रेक्टिस के लिये छोड़े गये हैं, उनको आप ख़ुद से लिखें।

सबक़

جَمَعَ जमअ	وَرَدَ वरद	صَدَقَ सदक़	كَتَبَ कतब	فَرَضَ फ़रज़
قَتَلَ क़तल	وَلَدَ वलद	وَجَدَ वजद	جَعَلَ जअल	اَحَدَ अहद
كَسَبَ कसब	ضَرَبَ ज़रब	حَسَدَ हसद	شَرَحَ शरह	خَتَمَ ख़तम

प्रेक्टिस

ظَلَمَ	بَلَغَ	مَكَثَ	حَشَرَ	فَعَلَ ....
عَدَلَ	خَلَقَ	مَرَجَ	زَعَمَ	رَفَعَ ....
عَبَسَ	اَمَرَ	فَسَقَ	عَبَدَ	عَشَرَ ....

सबक़ नं. : 9

दो ज़बर या तन्वीन ً

01. ज़बर के बाद दो ज़बर का सबक़ लाया गया है ताकि ज़बर और दो ज़बर का फ़र्क़ अच्छी तरह वाज़ेह (स्पष्ट) हो जाए।

02. दो ज़बर, दो ज़ेर और दो पेश को तन्वीन कहते हैं। तन्वीन के हुर्फ़ों पर कभी ग़ुन्ना किया जाता है।

03. नाक में आवाज़ ले जाने को ग़ुन्ना कहते हैं और ग़ुन्ना एक अलिफ़ के बराबर किया जाता है।

04. हर्फ़े-तन्वीन के साथ जो अलिफ़ लिखा होता है, वो पढ़ा नहीं जाएगा; जैसे بًا को بَنْ बन् और تًا को تَنْ तन् पढ़ा जाएगा।

सबक़

حًا हन्	جًا जन्	ثًا स़न्	تًا तन्	بًا बन्	اً अन्
سًا सन्	زًا ज़न्	رًا रन्	ذًا ज़न्	دًا दन्	خًا ख़न्
عًا अ़न्	ظًا ज़न्	طًا त़न्	ضًا ज़न्	صًا स़न्	شًا शन्
لًا लन्	لًا लन्	كًا कन्	قًا क़न्	فًا फ़न्	غًا ग़न्
يًا यन्	أً अन्	هًا हन्	وًا वन्	نًا नन्	مًا मन्

सबक़

اَسَفًا असफ़न्	بَلَدًا बलदन्	سَلَمًا सलमन्	بَشَرًا बशरन्	عَمَلًا अ़मलन्
طَبَقًا त़बक़न्	حَسَنًا हसनन्	ثَمَنًا स़मनन्	عَرَضًا अ़रज़न्	حَرَمًا हरमन्
عَجَبًا अ़जबन्	بَطَرًا बत़रन्	اَبَدًا अबदन्	سَفَهًا सफ़हन्	قَصَصًا क़सस़न्

प्रेक्टिस

مَثَلًا	رَغَدًا	مَرَضًا	وَسَطًا	اَحَدًا ....
رَشَدًا	وَطَرًا	مَلَكًا	عَدَدًا	جَنَفًا ....
اَذًى	مَرَحًا	وَلَدًا	اَجَلًا	حَرَجًا ....

05. हिज्जे और तन्वीन की ख़ूब अच्छी त़रह प्रेक्टिस कीजिये। मोटे पढ़े जाने वाले हुरूफ़ को ख़ूब मोटा पढ़िये; जैसे خ ص ض ط غ ق

06. जब रा ر पर ज़बर हो या दो ज़बर हों तो उसे मोटा पढ़ें।

07. दो ज़बर वाले लफ़्ज़ पर वक़्फ़ः करने की सूरत में उसे अलिफ़ से बदल दिया जाता है। जैसे سَلَمًا सलमन् पर वक़्फ़ः (ठहराव) करने की सूरत में उसे سَلَمَا सलमा पढ़ा जाएगा। इसी त़रह جَنَفًا जनफ़न् को جَنَفَا जनफ़ा और عَمَلًا अ़मलन को عَمَلَا अ़मला पढ़ा जाएगा।

सबक़ नं. : 10

खड़ा ज़बर ٰ

01. ह़रकात (उच्चारण) की दो ह़ालतें (परिस्थितियाँ) हैं। एक, पड़ी या सीधी ह़ालत; दूसरी खड़ी या उल्टी ह़ालत। लिहाज़ा ज़बर की भी दो ह़ालतें हैं; एक पड़ा ज़बर َ, दूसरा खड़ा ज़बर ٰ

02. खड़े ज़बर को एक अलिफ़ के बराबर खींचना चाहिये क्योंकि खड़ा ज़बर ह़र्फ़े मद्द के अलिफ़ के समान होता है।

03. नून और मीम को अदा करते वक़्त नाक से आवाज़, ज़रूरत से ज़्यादा नहीं निकलनी चाहिये।

सबक़

حٰ ह़ा	جٰ जा	ثٰ ष़ा	تٰ ता	بٰ बा	اٰ आ
سٰ सा	زٰ ज़ा	رٰ रा	ذٰ ज़ा	دٰ दा	خٰ ख़ा
عٰ अ़ा	ظٰ ज़ा	طٰ त़ा	ضٰ ज़ा	صٰ स़ा	شٰ शा
مٰ मा	لٰ ला	كٰ का	قٰ क़ा	فٰ फ़ा	غٰ ग़ा
ىٰ या	ءٰ आ	هٰ हा	ہٰ हा	وٰ वा	نٰ ना

हिज्जे का त़रीक़ा : مُوْسٰى मूसा के हिज्जे इस त़रह होंगे; मीम पेश वाव साकिन مُوْ मू, सीन खड़ा ज़बर سٰى सा। इसी त़रह عِيْسٰى अ़ीसा वग़ैरह के हिज्जे होंगे।

प्रेक्टिस

يَخْشٰى यख़्शा	سَجٰى सजा	قَلٰى क़ला	عَلٰى अ़ला	غَوٰى ग़वा
عَصٰى अ़सा	عَسٰى अ़सा	طَغٰى तग़ा	يَحْيٰى यह्या	اَحْوٰى अह्वा
رَمٰى रमा	رَاٰى रआ	يَرٰى यरा	اِسْحٰقَ इस्हाक़	الٓفٍ आलाफ़िन्
اٰخَرَ	اٰدَمَ	اٰثَرَ	اٰزَرَ	اٰيٰتٌ ....
اِبْرٰهِيْمَ	مُوْسٰى	بِاٰيَةٍ	يَخْفٰى	اِلٰى ....
اٰتٰى	يَرْضٰى	اَدْنٰى	عِيْسٰى	هٰرُوْنَ ....

04. जिस ह़र्फ़ के आख़िर में खड़ा ज़बर हो तो वक़्फ़: करने पर भी उसका तलफ़्फ़ुज़ (उच्चारण) वही रहेगा। जैसे عِيْسٰى अ़ीसा का उच्चारण वक़्फ़: करने पर عِيْسٰى अ़ीसा, غَوٰى ग़वा का वक़्फ़: غَوٰى ग़वा, رَاٰى रआ का वक़्फ़: رَاٰى रआ ही होगा।

05. कुछ लोग **खड़े ज़बर** पर वक़्फ़: करते वक़्त तीन या चार अलिफ़ की मद्द करते हैं, ये बिल्कुल ग़लत़ है। वक़्फ़: में भी खड़े ज़बर को एक अलिफ़ के बराबर खींचकर ही पढ़ा जाएगा।

सबक़ नं. : 11

ज़ेर ـِ

01. ज़ेर की निशानी ऊपर दर्शाई गई है। यह हमेशा ह़र्फ़ के नीचे लगता है।

02. ज़ेर को हमेशा मा'रूफ़ पढ़ें और मजहूल न पढ़ें।

03. ज़ेर का तलफ़्फ़ुस (उच्चारण) 'इ' के अनुसार होता है। ज़ेर को इतना न खींचे कि 'ई' बन जाए। जैसे اِ को इ पढ़ा जाए اِیْ ई पढ़ना ग़लत़ होगा। इतना जल्दी उच्चारण न करें कि झटका पैदा हो, जैसे اِءْ (इअ्) बल्कि उच्चारण अलिफ़ ज़ेर इ ही रहे।

04. ज़ेर का तलफ़्फ़ुस 'इ' होता है, 'ए' पढ़ना ग़लत़ होगा। 'इह्दिनस़्स़िरातल् मुस्तक़ीम' को 'एह्दिनस़्स़िरातल् मुस्तक़ीम' पढ़ना ग़लत़ होगा।

05. उच्चारण करते वक़्त ज़बर और ज़ेर के उच्चारण का ख़ास़ ख़याल रखें।

सबक़

حِ हि	جِ जि	ثِ ष़ि	تِ ति	بِ बि	اِ इ
سِ सि	زِ ज़ि	رِ रि	ذِ ज़ि	دِ दि	خِ ख़ि
عِ ऽि	ظِ ज़ि	طِ त़ि	ضِ ज़ि	صِ स़ि	شِ शि
مِ मि	لِ लि	كِ कि	قِ क़ि	فِ फ़ि	غِ ग़ि
یِ यि	ءِ इ	ھِ हि	هِ हि	وِ वि	نِ नि

सबक़

غَضِبَ ग़ज़िब	فَهِيَ फ़हिय	حَفِظَ हफ़िज़	خَشِيَ ख़शिय	حَبِطَ हबित़
عَمِلَ अ़मिल	حَسِبَ हसिब	عَلِمَ अ़लिम	عَهِدَ अ़हिद	سَفِهَ सफ़िह
سَخِرَ सख़िर	اَذِنَ अज़िन	شَرِبَ शरिब	اِرَمَ इरम	يَئِسَ यइस

प्रेक्टिस

يَلِجَ	صَعِقَ	خَسِرَ	لَبِثَ	فَلَقَ
....	....	....	....	....
رَضِيَ	شَهِدَ	بَرِقَ	قَمِرَ	كَرِهَ
....	....	....	....	....
نَسِيَ	لَعِبَ	وَلِدِ	طَفِقَ	رَحِمَ
....	....	....	....	....

05. عَهِدَ में ع अ़ैन और ه हा की आवाज़ें अलग-अलग महसूस होनी चाहिये।

06. صَعِقَ स़अ़िक़ में ص स़ाद की आवाज़ मोटी और سَخِرَ सख़िर में س सीन की आवाज़ बारीक हो।

07. वक़्फ़ः करने की सूरत में जिस लफ़्ज़ के आख़िर में ज़ेर हो उसे साकिन किया जाएगा। जैसे اِبِلِ इबिलि पर वक़्फ़ः करते वक़्त اِبِلْ इबिल् और قَمَرِ क़मरि पर वक़्फ़ः करते वक़्त قَمَرْ क़मर् पढ़ा जाएगा।

सबक़ नं. : 12

दो ज़ेर ٍ

01. ज़ेर के बाद दो ज़ेर का सबक़ लाया गया है ताकि ज़ेर और दो ज़ेर का फ़र्क़ अच्छी त़रह़ वाज़ेह (स्पष्ट) हो जाए।

02. दो ज़बर, दो ज़ेर और दो पेश को तन्वीन कहते हैं। तन्वीन के ह़र्फ़ों पर कभी गुन्ना किया जाता है।

03. नाक में आवाज़ ले जाने को गुन्ना कहते हैं और गुन्ना एक अलिफ़ के बराबर किया जाता है।

04. यहाँ भी ह़र्फ़ की अस़्ल आवाज़ का ख़याल रखा जाएगा। بٍ बा दो ज़ेर بِنْ बिन् पढ़ा जाए, بِيْنْ बीन पढ़ना ग़लत होगा।

सबक़

حٍ ह़िन्	جٍ जिन्	ثٍ स़िन्	تٍ तिन्	بٍ बिन्	اٍ इन्
سٍ सिन्	زٍ ज़िन्	رٍ रिन्	ذٍ ज़िन्	دٍ दिन्	خٍ ख़िन्
عٍ अ़िन्	ظٍ ज़िन्	طٍ त़िन्	ضٍ ज़िन्	صٍ स़िन्	شٍ शिन्
مٍ मिन्	لٍ लिन्	كٍ किन्	قٍ क़िन्	فٍ फ़िन्	غٍ ग़िन्
يٍ यिन्	ءٍ इन्	هٍ हिन्	ةٍ हिन्	وٍ विन्	نٍ निन्

सबक़

كَبَدٍ कबदिन्	نَفَقَةٍ नफ़क़तिन्	كَذِبٍ कज़िबिन्	بِقَبَسٍ बिक़बसिन्	بِدَمٍ बिदमिन्
عَمَدٍ अ़मदिन्	خَبَرٍ ख़बरिन्	رَقَبَةٍ रक़बतिन्	لَبَنٍ लबनिन्	عَلَقٍ अ़लक़िन्
مَسَدٍ मसदिन्	ثَمَنٍ षमनिन्	أَجَلٍ अजलिन्	بِيَدٍ बियदिन्	عِنَبٍ अ़िनबिन्

प्रेक्टिस

حَسَنٍ	غَضَبٍ	عَمَلٍ	سَخَطٍ	لَهَبٍ
....	....	....	....	....
قَدَرٍ	مَثَلٍ	بَشَرٍ	سَفَرَةٍ	فِئَةٍ
....	....	....	....	....
مَلَكٍ	ذَكَرٍ	شَجَرٍ	لِغَدٍ	سَعَةٍ
....	....	....	....	....

05. سَخَطٍ सख़तिन् के س सीन की अदायगी में सीटी जैसी आवाज़ निकले और خ ख़ा और ط त़ा को मोटा पढ़ा जाए।

06. بَشَرٍ बशरिन् में ر रा वस्ल की सूरत में बारीक होगी जबकि वक़्फ़ः की सूरत में पुर पढ़ी जाएगी। ऐसे ही شَجَرٍ शजरिन् वग़ैरह हैं।

07. जिस लफ़्ज़ के आख़िर में दो ज़ेर हों उसे वक़्फ़ः की सूरत में साकिन करें जैसे بِدَمٍ बिदमिन् को بِدَمْ बिदम् पढ़ा जाए।

08. जिन अल्फ़ाज़ के आख़िर में ة गोल ता हो जैसे سَفَرَةٍ सफ़रतिन् उसे वक़्फ़ः की सूरत में ة गोल ता को ه हा से बदलकर पढ़ा जाएगा। जैसे سَفَرَةٍ सफ़रतिन् से سَفَرَهْ सफ़रह, نَفَقَةٍ नफ़क़तिन् को نَفَقَهْ नफ़क़ह।

सबक़ नं. : 13

खड़ी ज़ेर ـٖ

01. ज़बर की तरह ज़ेर की भी दो हालतें हैं; एक पड़ी ज़ेर ـِ, दूसरी खड़ी ज़ेर ـٖ

02. खड़ी ज़ेर को एक अलिफ़ के बराबर खींचना चाहिये क्योंकि खड़ी ज़ेर हर्फ़े मद्द के ی या के समान होती है।

सबक़

ح ही	ج जी	ث सी	ت ती	ب बी	ا ई
س सी	ز ज़ी	ر री	ذ ज़ी	د दी	خ ख़ी
ع अ़ी	ظ ज़ी	ط त़ी	ض ज़ी	ص स़ी	ش शी
م मी	ل ली	ك की	ق क़ी	ف फ़ी	غ ग़ी
ی यी	ء ई	ھ ही	ہ ही	و वी	ن नी

हिज्जे का त़रीक़ा : بِعَبْدِهٖ बिअ़ब्दिही के हिज्जे इस त़रह होंगे; बा ज़ेर, अ़ैन ज़बर, बा साकिन, दाल ज़ेर بِعَبْدِ बिअ़ब्दि, हा खड़ी ज़ेर هٖ ही, बिअ़ब्दिही इसी त़रह نَسْتَحْيٖ नस्तह़्यी, بِعَمَلِهٖ बिअ़मलिही, اَهْلِهٖ अह्लिही वग़ैरह के हिज्जे होंगे।

प्रेक्टिस

رُسُلِهٖ रुसुलिही	بَعْدِهٖ बअ़्दिही	قَبْلِهٖ क़ब्लिही	فِيْهِ फ़ीही	بِهٖ बिही
نَسْتَحْيِيْ नस्तह्यी	وَجْهِهٖ वज्हिही	بَطْنِهٖ बत्निही	بِعَبْدِهٖ बिअ़ब्दिही	عَمَلِهٖ अ़मलिही
اِلٰفِهِمْ ईलाफ़िहिम्	هٰذِهٖ हाज़िही	بِوَلَدِهٖ बिवलदिही	بِعَمَلِهٖ बिअ़मलिही	بِيَدِهٖ बियदिही
بَرْقِهٖ	بِمُزَحْزِحِهٖ	لِقَوْمِهٖ	اَهْلِهٖ	اٰيٰتِهٖ ....
ثَمَرِهٖ	خِلٰلِهٖ	تُرْزَقَانِهٖ	يَسْتَحْيِيْ	كُتُبِهٖ ....
قَلْبِهٖ	تُقٰتِهٖ	اُحْيِيْ	يُحْيِيْ	قِيْلِهٖ ....

03. अगर ه हा के नीचे खड़ी ज़ेर हो तो वक़्फ़: की सूरत में साकिन करके पढ़ा जाएगा। जैसे بِهٖ बिही का वक़्फ़: بِهْ बिह और فِيْهِ फ़ीही वक़्फ़: की सूरत में فِيْهْ फ़ीह होगी। या'नी वक़्फ़: की हालत में पड़ी ज़ेर और खड़ी ज़ेर का फ़र्क़ ख़त्म हो जाएगा।

04. نَسْتَحْيِيْ नस्तह्यी, يَسْتَحْيِيْ यस्तह्यी, يُحْيِيْ युह्यी, اُحْيِيْ उह्यी वग़ैरह में खड़ी ज़ेर को एक अलिफ़ के बराबर खींचकर वक़्फ़: अदा करेंगे। या'नी जिस लफ़्ज़ के आख़िर में या हो तो वक़्फ़: की सूरत में भी खड़ी ज़ेर के अनुरूप ही पढ़ा जाएगा।

सबक़ नं. : 14

पेश ـُ

01. पेश की निशानी ऊपर दर्शाई गई है। यह हमेशा हर्फ़ के ऊपर लगता है।

02. पेश को हमेशा मा'रूफ़ पढ़ें और मजहूल न पढ़ें।

03. पेश का तलफ़्फ़ुज़ (उच्चारण) 'उ' के अनुसार होता है। पेश को इतना न खींचे कि 'ऊ' बन जाए। जैसे अलिफ़ पेश اُ को 'उ' पढ़ा जाए اُوْ ऊ पढ़ना ग़लत होगा। इतना जल्दी उच्चारण न करें कि झटका पैदा हो, जैसे اُءْ (उअ) बल्कि उच्चारण अलिफ़ पेश उ ही रहे।

04. जिस रा पर पेश हो, वो रा पुर पढ़ी जाएगी जैसे رُسُلُ रुसुलु लेकिन रु को इतना न खींचे कि रू की आवाज़ के साथ होंठ गोल हो जाए।

सबक़

حُ	جُ	ثُ	تُ	بُ	اُ
हु	जु	षु	तु	बु	उ
سُ	زُ	رُ	ذُ	دُ	خُ
सु	ज़ु	रु	ज़ु	दु	ख़ु
عُ	ظُ	طُ	ضُ	صُ	شُ
अु	ज़ु	तु	ज़ु	सु	शु
مُ	لُ	كُ	قُ	فُ	غُ
मु	लु	कु	क़ु	फु	ग़ु
یُ	ءُ	هُ	ہُ	وُ	نُ
यु	उ	हु	हु	वु	नु

सबक़

رُسُلُ रुसुलु	رُبُعُ रुबुअु	حُبُكِ हुबुकि	صُحُفِ सुहुफ़ि	يَهَبُ यहबु
وُجِدَ वुजिद	مُنِعَ मुनिअ	خَبُثِ ख़बुषि	اَعِظُ अअ़िज़ु	تَزِرُ तज़िरु
اُفُقِ उफ़ुक़ि	فُعِلَ फुअ़िल	قُتِلَ क़ुतिल	حَسُنَ हसुन	لُعِنَ लुअ़िन

प्रेक्टिस

كَلِمَةُ	نُفِخَ	دُعِيَ	ذُكِرَ	سُقِطَ
حُشِرَ	وَهُوَ	سُئِلَ	قُرِئَ	اُخَرُ
قُدِرَ	قُضِيَ	كُتِبَ	يَعِدُ	نُذُرُ

